न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज०)

पीठासीन अधिकारीः सुश्री अंजु शर्मा आर.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 65 / 2024

उनवान

श्रीमती शान्ति पत्नि मोतीलाल कटारा जाति भील निवासी हथोलिया पाडा पोस्ट बोरी तहसील गढी जिला बांसवाडा।

—: प्रार्थी

बनाम

तहसीलदार, गढी जिला बांसवाडा।

—: अप्रार्थी

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांक 13.8.2024

संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थीया के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या 710 (नया) 611 पुराना के सर्वे नम्बर 4337 रकबा 0.08 हे0, सर्वे नम्बर 4338 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 7931 / 7299 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 7932 / 7299 रकबा 0.38 हे0 कुल किता 04 रकबा 0.58 हे0 भूमि वाके ग्राम डडूका तहसील गढी जिला बांसवाडा मे स्थित है। प्रार्थीया की उपरोक्त कृषि भुमि प्रार्थीया के नाम राजस्व रिकार्ड मे दर्ज होकर वर्तमान मे भी प्रार्थीया का ही उस पर कब्जा काश्त है। प्रार्थीया की उक्त खातेबन्दी कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड के नक्शा लट्ठे मे निम्नानुसार नक्षा ट्रेस में दर्शाया गया है:—



राजस्व रिकार्ड को ऑनलाईन करते समय प्रार्थीया की उक्त कृषि भुमि सर्वे नम्बरान को राजस्व रिकार्ड के लट्ठे मे दर्शित अनुसार के स्थान पर राजस्व कर्मचारियो द्वारा गलत तरीके से निम्नानुसार अशुद्ध नक्षा दर्शित कर दिया गया है।



Signature Not Verified

Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.09.09 11:23:37 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थीया ने कई राजस्व केम्पो एवं कर्मचारियो के समक्ष उक्त त्रुटी को दुरस्त करने निवेदन किया परन्तु राजस्व कर्मचारियों द्वारा उक्त त्रुटी की शुद्धी नही करने से प्रार्थी को काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। अतः निवेदन है कि प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थीया की खातेबन्दी कृषि भुमि के ऑनलाईन नक्षे में राजस्व रिकार्ड के लट्ठे मे दर्शित नक्षे के अनुसार शुद्ध करने के आदेश फरमाने प्राथना—पत्र पेश हुआ।

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाडा

प्रार्थीया की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार, गढ़ी के नाम सम्मन जारी किये जाने पर अप्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार, गढ़ी ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर कथन किया कि "प्रार्थीया श्रीमति शान्ति पत्नि मोतिलाल जाति भील के नाम से पटवार हल्का डडूका के ग्राम डडूका में खाता संख्या 710 संवत 2075 से 78 में खसरा संख्या 4337 रकबा 0.08 हे0, खसरा संख्या 4338 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 7931/7299 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 7932/7299 रकबा 0.38 हे0 कुल किता 4 रकबा 0.58 हे0 खातेदारी दर्ज रेकार्ड होकर जमाबन्दी नकल प्रस्तुत हुई। मूल राजस्व लठ्ठा नक्शें में प्रार्थीया के खसरों का अंकन मौका स्थिति अनुसार किया गया होने का नक्शा ट्रेस की नकल प्रस्तुत हुई। वक्त सेग्रीगेशन खसरा संख्या 7299 रकबा 0.40 हे0 (हाल 7931/7299 रकबा 0.02 हे0, व खसरा संख्या 7932/7299 रकबा 0.38 हे0) तथा खसरा संख्या 4337 रकबा 0.08 हे0 कि तरमीम लठ्ठा नक्शा एंव ऑनलाईन नक्शें में भीन्नता होकर ऑनलाईन नक्शे की संलग्न प्रति प्रस्तुत कर राजस्व लठ्ठा नक्शा अनुसार ऑनलाईन नक्शें में शुद्धि किया जाना उचित होना अवगत कराया।

अतः प्रार्थीया की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र, संलग्न अभिलेख तथा अप्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार गढ़ी के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार पटवार हल्का डडूका के मौजा डडूका की खाता सख्या 710 (नया) 611 पुराना के सर्वे नम्बर 4337 रकबा 0.08 हे0, सर्वे नम्बर 4338 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 7931/7299 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 7932/7299 रकबा 0.38 हे0 कुल किता 04 रकबा 0.58 हे0 भूमि की सेंग्रीगेशन खसरा नम्बर 7299 रकबा 0.40 हे0 (हाल 7932/7299 रकबा 0.02 हे0, सर्वे नम्बर 7932/7299 रकबा 0.38 हे0) तथा सर्वे नम्बर 4337 रकबा 0.08 हे0 भूमि की राजस्व लठ्ठा नक्शा अनुसार तरमीम करने का आदेश दिया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 13.8.2024 को जारी किया गया।

(अन्जु शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.09.09 11:23:37 IST
Reason: SelfAttested